कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण)
बी–192,आवास विकास कालोनी, हरदोई।
दूरभाष सं0 05852–223112, eehardoi@yahoo.com

जल सारथी

पत्रांक : 4612 / वि-3 / 42    दिनांक : 24 / 8 / 2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषय :– दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन में पानी की बर्बादीः करोड़ों खर्च के बावजूद कई गांवों में नल खराब या गायब", के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर न्यूज पेपर में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन में पानी की बर्बादीः करोड़ों खर्च के बावजूद कई गांवों में नल खराब या गायब", शीर्षक का सदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें। उपरोक्त खबर जनपद–हरदोई के विकास खण्ड बिलग्राम की पिण्डारी एवं करेहका चौगवां ग्राम समूह पेयजल योजना से संबंधित है। उक्त की स्थलीय जांच खण्ड के जूनियर इंजीनयर द्वारा करायी गयी जिसकी आख्या निम्नवत हैः–


| प्रकाशित खबर | खण्ड की आख्या |
|---|---|
| भारत सरकार की महत्वाकांक्षी जल जीवन मिशन योजना ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये की लागत से शुरू की गई थी। हालांकि, कई स्थानों पर इस योजना का क्रियान्वयन सवालों के घेरे में है, जहां पानी की बर्बादी हो रही है और लोगों को अभी भी स्वच्छ जल नहीं मिल पा रहा है।<br>योजना के तहत पानी की टंकियां स्थापित की गईं और गलियारों में पाइपलाइन बिछाई गईं। लेकिन ठेकेदारों और विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत के कारण कई जगहों पर नल (टोटी) लगाए ही नहीं गए, जिससे पानी लगातार बह रहा है। यह बहता पानी तालाबों को भर रहा है, जिससे करोड़ों रुपये की सरकारी धनराशि व्यर्थ जा रही है।<br>एक ओर जहां सरकार जल संरक्षण के लिए विभिन्न अभियान चला रही है, वहीं दूसरी ओर इस महत्वपूर्ण योजना में पानी की भारी बर्बादी हो रही है। इससे जल संरक्षण के प्रयासों का मजाक उड़ता दिख रहा है और योजना के मूल उद्देश्य पर प्रश्नचिह्न लग गया है।<br>म्योढा गांव के निवासियों मुकेश, हरिश्चंद्र, दिनेश, धनीराम, राम लखन, सुरेश, योगेश और आसाराम सहित कई लोगों ने बताया कि गांव में कई जगहों पर पानी लगातार बह रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ | उक्त के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम (फेज–3) के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था मै0 एन0सी0सी0 लि0, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड बिलग्राम की पिण्डारी पेयजल योजनान्तर्गत 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 994 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 13.358 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 980 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 13.358 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है। ग्राम पिण्डारी में एफ0एच0टी0सी0 का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में ग्राम पिण्डारी में क्लोरीन युक्त जलापूर्ति समयानुसार की जा रही है।<br>ग्राम म्योरा के संबंध में अवगत कराना है कि ग्राम पंचायत म्योरा, करेहका चौगवां ग्राम समूह पेयजल योजना में सम्मिलित है, योजनान्तर्गत 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 837 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 22.795 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यों के सापेक्ष 1 नग अवर जलाशय, 1 नग पम्प हाउस, 1 नग 1 नग सोलर पैनल, 1 नग बाउण्ड्री बॉल, 831 नग एफ0एच0टी0सी0 एवं 22.507 कि0मी0 पेयजल पाइप लाइन के कार्य पूर्ण करा लिये गये है। शेष कार्य प्रगति पर है।<br>शिकायत के संबंध में अवगत कराना है कि विकास खण्ड बिलग्राम की करेहका चौगवां ग्राम समूह पेयजल योजना की ग्राम पंचायत म्योरा में "जल जीवन मिशन" कार्यक्रम के अन्तर्गत पेयजल पाइप लाइन का कार्य एच0डी0डी0 मशीन द्वारा कराया गया है, वर्तमान में ग्राम म्योरा के सी0सी0 रोड की स्थायी पुर्नस्थापना एवं पेयजल गृह संयोजन अधिष्ठापन का कार्य किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि |

| | |
|---|---|
| लोगों ने अपने घरों के दरवाजों पर खुद नल खरीदकर लगाए हैं। ग्रामीणों ने यह भी शिकायत की कि पाइपलाइन बिछाने के लिए कई सड़कें खोद दी गई हैं, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। इन खोदी गई सड़कों के कारण भी पानी की बड़ी मात्रा में बर्बादी हो रही है, जिससे स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। | बिलग्राम की करेहका चौगवां ग्राम समूह पेयजल योजना के समस्त मजरों में (नौरंगपुर को छोड़कर) क्लोरीन युक्त पेयजलापूर्ति की जा रही है। |

अतः महोदय उपरोक्त आख्या आपकी सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**संलग्नकः– उपरोक्तानुसार।**

# ग्राम पंचायत पिण्डारी के फोटोग्राफ








# ग्राम पंचायत म्योढ़ा के फोटोग्राफ














भवदीय

(मनीष गंगवार)
अधिशासी अभियन्ता

**पृष्ठसं० एवं दिनांक उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।**
1. मुख्य अभियन्ता (ल०क्षे०) महोदय, उ० प्र० जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
2. अधीक्षण अभियन्ता महोदय, मण्डल कार्यालय, उ० प्र० जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ।
3. जिलाधिकारी महोदय, हरदोई।
4. संबंधित सहायक अभियन्ता/अवर अभियन्ता।
5. परियोजना प्रबन्धक, एन०सी०सी०लि० को इस निर्देश के साथ प्रेषित की उक्त योजनान्तर्गत शेष कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता